आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 04.05.2026
समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- राज्य के विभिन्न हिस्सों में रुक–रुककर बारिश का दौर जारी; आज भी कई हिस्सों में बारिश और आंधी का ऑरेंज अलर्ट।
- आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन ने मौसम के अलर्ट के मद्देनजर सभी ज़िलों को संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए।
- चिकित्सा स्वाथ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा– राज्य में "सफाई, दवाई और भलाई" के सिद्धांत पर काम करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ व प्रभावी बनाने के प्रयास जारी।
- चम्पावत जिले में आज 'गोलज्यू महोत्सव' का शुभारंभ होगा।

**मौसम**

राज्य के विभिन्न हिस्सों में रुक–रुककर बारिश का दौर जारी है। इसके चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।

इस बीच, मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में आज गरज–चमक, तेज हवाओं और बारिश की चेतावनी दी है। विभाग ने देहरादून, टिहरी, हरिद्वार, पौड़ी, नैनीताल, चंपावत और ऊधमसिंह नगर जिलों में कहीं–कहीं तेज बारिश, ओलावृष्टि और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

इसके साथ ही राज्य के अन्य जिलों में भी गरज–चमक और तेज हवाओं का असर देखने को मिल सकता है। प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश का सिलसिला बना रहने का अनुमान है।

मौसम विभाग के अनुसार इस मौसम के चलते तापमान में गिरावट दर्ज हो सकती है और आने वाले दिनों में भी मौसम का यह रुख बना रह सकता है।

**सतर्कता**

मौसम विभाग के ऑरेंज अलर्ट के बीच प्रशासन सतर्क हो गया है। राज्य में आंधी–तूफान और बारिश के बाद सचिव आपदा प्रबंधन विनोद कुमार सुमन ने सभी जिलों के साथ बैठक कर स्थिति की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए।

सचिव ने बताया कि प्रशासन ने सभी जिलों को निर्देश दिए हैं कि मौसम से जुड़ी चेतावनियां तुरंत आम लोगों तक पहुंचाई जाएं और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि जहां–जहां सड़कों के बाधित होने की सूचना है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर जल्द खोला जाए ताकि लोगों को परेशानी न हो।

चारधाम यात्रा को देखते हुए हेलीकॉप्टर सेवाओं के संचालन को मौसम के अनुरूप रखने के निर्देश दिए गए हैं और खराब मौसम में उड़ानें न चलाने को कहा गया है।

प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे मौसम की चेतावनियों को गंभीरता से लें, अनावश्यक यात्रा से बचें और जारी दिशा–निर्देशों का पालन करें।

## तीर्थयात्रा

पिछले कुछ दिनों में हो रही बारिश के बावजूद चारधाम यात्रा जारी है। प्रशासन आवश्यक प्रबंधन और उचित सुरक्षा उपायों के साथ यात्रा मार्ग पर निगरानी बनाए हुए है। यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है और बड़ी संख्या में श्रद्धालु चारों धामों के दर्शन के लिये उत्तराखंड पहुंच रहे हैं।

केदारनाथ यात्रा में इस वर्ष श्रद्धालुओं का उत्साह लगातार बढ़ रहा है और यात्रा सुचारू व सुरक्षित तरीके से संचालित हो रही है।

22 अप्रैल को कपाट खुलने के बाद से अब तक 3 लाख 8 हजार 85 से अधिक श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं।

जिला प्रशासन के अनुसार यात्रा मार्ग पर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी गई हैं। विभिन्न पड़ावों पर पेयजल, चिकित्सा, ठहराव, स्वच्छता और यातायात प्रबंधन की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य और आपदा प्रबंधन की टीमें लगातार तैनात हैं और यात्रा की निगरानी कंट्रोल रूम के माध्यम से की जा रही है।

भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है और आपात स्थिति से निपटने के लिए एसडीआरएफ, डीडीआरएफ और अन्य टीमें अलर्ट पर हैं।

## समीक्षा

चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने दून अस्पताल में आयोजित समीक्षा बैठक में राज्य के मेडिकल कॉलेजों और स्वास्थ्य संस्थानों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए कई अहम निर्णय लिए गए। इनमें हल्द्वानी स्थित राज्य कैंसर संस्थान में जल्द इंडोर सेवाएं शुरू करना, हरिद्वार मेडिकल कॉलेज में नियमित ओपीडी सेवाएं शुरू करना और श्रीनगर, अल्मोड़ा व हल्द्वानी में कैथ लैब संचालन सुनिश्चित करना शामिल है।

श्री उनियाल ने कहा कि इन फैसलों के प्रभावी क्रियान्वयन से प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत होंगी और लोगों को समय पर बेहतर इलाज मिल सकेगा।

उन्होंने बताया कि राज्य में "सफाई, दवाई और भलाई" के सिद्धांत पर काम करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ और प्रभावी बनाने के प्रयास लगातार जारी हैं।

## सुरक्षा

चंपावत ज़िले के टनकपुर क्षेत्र में जंगली हाथियों और अन्य वन्यजीवों से सुरक्षा को लेकर वन विभाग ने त्वरित कदम उठाए हैं। वन विभाग ने गैडाखाली और ऊचौलीगोठ क्षेत्रों में हाथियों की आवाजाही रोकने के लिए पत्थर की सुरक्षा दीवार बनाने की योजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए उपयुक्त स्थानों का चयन कर जल्द प्रस्ताव तैयार किया जाएगा।

वन्यजीवों से फसल या संपत्ति को नुकसान होने पर मुआवजा देने की प्रक्रिया को भी तेज किया गया है। साथ ही क्षेत्र में त्वरित प्रतिक्रिया दल तैनात किया गया है, जो लगातार गश्त कर रहा है।

ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाए जा रहे हैं और जंगलों में जल स्रोतों में पानी की आपूर्ति बढ़ाई जा रही है, ताकि वन्यजीव आबादी की ओर न आएं।

इसके अलावा क्षेत्र में सोलर फेंसिंग और सोलर लाइट की व्यवस्था को मजबूत किया गया है। नंधौर क्षेत्र में एआई आधारित स्मार्ट कैमरा सिस्टम भी लगाया जा रहा है, जो वन्यजीवों की पहचान कर सायरन के जरिए लोगों को सतर्क करता है। यह प्रणाली फिलहाल परीक्षण के दौर में है और इससे मानव–वन्यजीव संघर्ष कम करने में मदद मिलने की उम्मीद है।

<u>मतगणना</u>

पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरलम और पुद्दुचेरी विधानसभा चुनाव की मतगणना आज सवेरे 8 बजे से शुरू होगी। निर्वाचन आयोग ने इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मतगणना स्थलों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

उधर, पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के फलता विधानसभा क्षेत्र के सभी 285 मतदान केंद्रों पर 21 मई को फिर से मतदान होगा। मतगणना 24 मई को की जाएगी। निर्वाचन आयोग ने बताया कि 29 अप्रैल के मतदान में गंभीर गडबड़ी और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के बड़े पैमाने पर उल्लंघन के बाद यह निर्णय लिया गया।

<u>गोलज्यू महोत्सव</u>

चम्पावत जिले में आज से 'गोलज्यू महोत्सव' का शुभारंभ हो रहा है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को व्यापक पहचान दिलाना है।

जिलाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि महोत्सव के माध्यम से चम्पावत की लोक कला, परंपराओं और पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से देश–विदेश से आने वाले पर्यटकों को स्थानीय संस्कृति से परिचित होने का अवसर मिलेगा।

<u>मुख्यमंत्री भ्रमण कार्यक्रम</u>

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज चम्पावत के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे, जहां वे स्वास्थ्य और विकास से जुड़े कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

वे जिला चिकित्सालय परिसर के सीसीयू ब्लॉक में एमआरआई मशीन और अन्य चिकित्सा उपकरणों का लोकार्पण भी करेंगे।

इसके बाद मुख्यमंत्री गोरल मंदिर में दर्शन–पूजन करेंगे और गोरलचौड़ मैदान में विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

**हेमकुंड साहिब**

हेमकुंड साहिब यात्रा की तैयारियों के तहत भारतीय सेना और गुरुद्वारा प्रबंधन की टीम गुरुद्वारा परिसर तक पहुंच गई है और अब वहीं से यात्रा शुरू होने से पहले सभी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। एक रिपोर्ट–

भारतीय सेना की 418 इंडिपेंडेंट फील्ड कंपनी और गुरुद्वारा हेमकुंड साहिब प्रबंधन ट्रस्ट के सेवादारों ने अरदास के बाद गुरुद्वारा कॉम्प्लेक्स के द्वार खोल दिए। इससे पहले टीम को हर शाम घांघरिया लौटना पड़ता था, लेकिन अब वे यहीं रहकर कार्य कर सकेंगे। टीम हेमकुंड साहिब से अटलकोटी ग्लेशियर प्वाइंट तक ट्रैक को चौड़ा करने का काम करेगी, ताकि तीर्थयात्रियों के लिए मार्ग अधिक सुरक्षित और सुगम बनाया जा सके। गौरतलब है कि भारतीय सेना हर वर्ष कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में इस सेवा कार्य को अंजाम देती है, जिससे यात्रा को सुरक्षित बनाने में मदद मिलती है।

**और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––**

पश्चिम बंगाल समेत पांच राज्यों में आज होने वाली मतगणना की खबर को सभी समाचार पत्रों में प्राथमिकता से प्रकाशित किया है। दैनिक जागरण लिखता है– बंगाल समेत पांच राज्यों की नई सरकार पर फैसला आज। नवोदय टाइम्स लिखता है– दीदी की होगी वापसी या चलेगा मोदी का मैजिक।

प्रदेश में बारिश व ओलावृष्टि की खबर पर हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है– त्यूणी में आंधी तूफान में उड़ गई कईं घरों की छत। अमर उजाला का शीर्षक है– फिर बिगड़ा मौसम, बारिश–तूफान से नुकसान।

सिखों के प्रसिद्ध धाम हेमकुंड साहिब के कपाट 23 मई को खुलेंगे। इस खबर पर नवोदय टाइम्स लिखता है– बर्फ का सीना चीर हेमकुड साहिब पहुंचे सेना के जाबाज़।

केदारनाथ धाम में दर्शनों के लिए बड़ी संख्या में यात्री पहुंच रहे हैं। इस खबर पर हिन्दुस्तान समाचार पत्र ने लिखा है– केदारनाथ में दर्शन करने वाले यात्रियों की संख्या 3 लाख पार।